14.03 hrs.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at three minutes past

Fourteen of the Clock.

(Mr. Speaker *in the Chair*)

MR. SPEAKER: The House will now take up matters under rule 377. Shri Yogi Aditya Nath.

Title: Need to take steps for revival of closed sugar mills in eastern Uttar Pradesh.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : महोदय, उत्तर प्रदेश का पूर्वी भाग प्रदेश में जनसंख्या की दृटि से सबसे अधिक घनत्व वाला लेकिन आर्थिक रूप से सबसे पिछड़ा क्षेत्र है। इस क्षेत्र का अधिकतर भाग नेपाल तथा बिहार की सीमा से जुड़ा है। आज़ादी के बाद औद्योगिक दृटि से विकसित करने के लिए एकमात्र उद्योग फर्टिलाइज़र की इकाई गोरखपुर में लगाई गई थी। 1990 में वह भी बंद हो गया। वर्तमान में इस क्षेत्र में औद्योगिक विकास की दृटि से केवल चीनी मिलें ही विकास का आधार हैं जो बेरोज़गार नौजवानों, किसानों, मज़दूरों के आर्थिक स्रोत का आधार भी हैं। सभी चीनी मिलें 1920 और 1932 के बीच लगाई गई थीं। समय के साथ-साथ आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण न होने के कारण ये मिलें एक एक कर बंद होती जा रही हैं। यदि ये मिलें बंद हो गईं तो निश्चित ही बेरोज़गारी की मार पहले ही झेल रहा यह क्षेत्र भूखा मरने की स्थिति में पहुँच जाएगा और फिर इस क्षेत्र में पहले से अपनी अराजक गतिविधियों के लिए कुख्यात आई.एस.आई. और सिमी जैसे राद्रविरोधी संगठन यहां के नौजवानों को गुमराह करने में सफल हो जाएंगे। इसलिए आवश्यकता है कि इस क्षेत्र का औद्योगिक विकास किया जाए। बंद हुई चीनी मिलों के लिए आर्थिक पैकेज की व्यवस्था की जाए जिससे बेरोज़गार नौजवानों, किसानों, मज़दूरों को कार्य मिल सके और सीमावर्ती क्षेत्र का अपेक्षित भौतिक विकास भी हो सके।